लोक सभा अध्यक्ष ने प्रख्यात अभिनेता श्री सौमित्र चटर्जी के निधन पर शोक व्यक्त किया

नई दिल्ली, 15 नवंबर 2020: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने प्रख्यात अभिनेता श्री सौमित्र चटर्जी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अपने सन्देश में, श्री बिरला ने कहा:

"दादा साहेब फालके, पद्म भूषण व अन्य पुरस्कारों से सम्मानित दिग्गज अभिनेता श्री सौमित्र चटर्जी का निधन सिनेमा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। फिल्मी जगत में अमूल्य योगदान के लिए उन्हें सदैव स्मरण किया जाएगा। उनके शोक संतप्त परिवार व प्रशंसकों के प्रति मेरी शोक-संवेदनाएं।

ॐ शांति!!"